प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिये ज़िला ग्रंथालय के ई-लाइब्रेरी में 18 लाख रुपए की लागत से बनेगा ई-लाइब्रेरी क्लासरूम

चर्चा में क्यों?

22 फरवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव ज़िले के कलेक्टर डोमन सिंह ने राजनांदगाँव ज़िले में अपने नित्य नए-नए प्रयोग करने की कड़ी में ज़िला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को एक अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से ज़िला ग्रंथालय लाइव के प्रथम तल पर 18 लाख रुपए की लागत से ई-लाइब्रेरी क्लासरूम बनाने की स्वीकृति दी है।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर कलेक्टर डोमन सिंह ने बताया कि ई-लाइब्रेरी क्लासरूम बन जाने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को परीक्षा की तैयारी करने में मदद मिलेगी।
- ई-लाइब्रेरी क्लास रूम के माध्यम से पीएससी, यूपीएससी, इंजीनियरिंग, मेडिकल जैसे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे।
- लाइब्रेरी का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/an-e-library-classroom-will-be-set-up-in-the-e-library-of-the-district-library